# पत्नी को पीट-पीट कर मार डाला, पति गिरफ्तार

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय थाना के अंतर्गत झोतेश्वर चौकी के ग्राम लाठगांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक पति ने अपनी पत्नी की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस सनसनीखेज घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी पति को तत्काल गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस के अनुसार, आरोपी पति परसोत्तम चौधरी और उसकी पत्नी सावित्री चौधरी के बीच पिछले कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था।

शुक्रवार रात को दोनों के बीच किसी बात को लेकर फिर से कहासुनी हुई, जो बढ़ते-बढ़ते हिंसक झगड़े में तब्दील हो गई। गुस्से में आरोपी ने शनिवार सुबह पास में पड़ी लोहे की रॉड उठाकर पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण पत्नी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हत्या का मामला दर्ज-घटना की सूचना मिलते ही थाना गोटेगांव एवं झौतेश्वर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आरोपी पति पुरुषोत्तम चौधरी को हिरासत में ले लिया गया। शव को

## दोनों में हुआ था झगड़ा

पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सौंपकर धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक युवती के परिजनों ने बताया कि आरोपी पति अक्सर शराब के नशे में पत्नी के साथ झगड़ा करता था। हालांकि, इस बार बात इतनी बढ़ जाएगी, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि वे अपने आसपास घरेलू हिंसा या पारिवारिक विवादों के मामले देखते हैं, तो तत्काल पुलिस या संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। इस तरह की सतर्कता से ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। यह घटना घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवादों के खतरनाक परिणामों की ओर इशारा करती है। ऐसे मामलों में परिवार और समाज के सदस्यों को समय रहते हस्तक्षेप करना बेहद जरूरी है ताकि ऐसे दुखद परिणामों को टाला जा सके।

# स्मैक व गांजे के साथ दो गिरफ्तार

## स्मैक पीने वाले दो आरोपियों पर भी कार्रवाई

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत जारी नशे के विरूद्ध कार्यवाही में करीबन 70 हजार रूपये कीमती 06 ग्राम स्मैक, 518 ग्राम गाँजा सहित 02 आरोपीगण पुलिस ने गिरफ्तार किया है इसके साथ ही स्मैक पीते 02 अन्य स्मैकची भी पकड़ाए है।

उल्लेखनीय है कि जुआ, सट्टा, अवैध मादक पदार्थ के ब्यापार,अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने, गुण्डे एवं बदमाशों की धरपकड एवं अपराध तथा अपराधियों पर पूर्णत: नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाया जाकर लगातार धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है ।

ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना गाडरवारा पुलिस की विभिन्न टीमों के द्वारा दिनांक 22 एवं 23 नवंबर को दो आरोपीगण से पृथक-पृथक अवैध मादक पदार्थ 06 ग्राम स्मैक,518 ग्राम गाँजा बरामद करने एवं स्मैक पीते 02 अन्य स्मैकचियों को गिरफ्त में लिया गया।

जिसमें दिनांक 22/11/2024 को दोपहर में पुलिस टीम द्वारा गोल्डन सिटी कॉलोनी गाडरवारा से संदेह के आधार पर आरोपी रितिक पिता भूरा उर्फ पप्पू कुचबंदिया उम्र 20 वर्ष निवासी जगदीश वार्ड के कब्जे से 518 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा जिसकी कीमती करीबन 8 हजार रूपये है,समक्ष गवाहान जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना गाडरवारा में अपराध क्र.1281/24 धारा 8,20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। तथा दिनांक 22/11/2024 को रात में पुलिस टीम द्वारा करेली तरफ से आ रहे संदेही को अस्थाई पुलिस कंट्रोल रूम के सामने ग्राम कौड़िया में संदेह के आधार पर आरोपी रामगोपाल पिता रामसिंह लोधी उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम रातीकरार कला थाना करेली जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 06 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमती करीबन 60 हजार रूपये है,समक्ष गवाहान जप्त किया गया । आरोपी को मौके पर ही विधिवत गिरफ्तार किया जाकर उसके के विरूद्ध थाना गाडरवारा में अपराध क्र.1285/24 धारा 8,21(ड्ड) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष ज्यूडिशियल रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। इसी तारतम्य में दिनांक 22/11/2024 एवं 23/11/2024 को थाना गाडरवारा की अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा नगर के अलग-अलग स्थानों से अवैध मादक पदार्थ का स्मैक का सेवन करने वाले 02 स्मैकचियों को पकड़ा है।

**ऑपरेशन प्रहार**

गया।जिसमें मुकेश उर्फ चील पिता रमेश सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी जगदीश वार्ड गाडरवारा, रामजी पिता लेखराम लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम चिनकी उमरिया थाना कोतवाली नरसिंहपुर पुलिस की टीमों द्वारा स्मैक पीते दोनों स्मैकचियों से समक्ष गवाहान विधिवत तलाशी लेने पर उनके कब्जे से स्मैक पीने का सामान जैसे उपयोग की हुई सिल्वर पन्नी,माचिस व जली हुई तीलियाँ जप्त की गई।

उक्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8,27 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 1283/24 एवं 1287/24 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

## सार-समाचार

### शिक्षक पर हुए हमले के विरोध में शिक्षकों ने दिया ज्ञापन



**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्र के चावरपाठा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पदम (केसली ) की शासकीय प्राथमिक शाला मे पदस्थ शिक्षक सतीश रिछारिया पर एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा कुल्हाड़ी से किये गए जानलेवा हमले से शिक्षकों मे रोष व्याप्त हे। बीते शनिवार को शिक्षकों ने स्थानीय तहसील कार्यालय पहुँचकर जिले के कलेक्टर एवं एसपी के नाम तहसीलदार प्रियंका नेताम को ज्ञापन सौंपकर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ,मप्र शिक्षक संघ,शिक्षक संदर्भ समूह, पुरानी पेंशन बहाली संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, पीएमयुएम सहित अनेक संघो से जुड़े शिक्षक उपस्थित रहे।

### विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत सिंहपुर बड़ा के शासकीय कन्या माध्यमिक शाला सिंहपुर बड़ा में छात्राओं को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालिटीयर आशुतोष स्वामी ने छात्राओं को निशुल्क वकील की सहायता ऐसा व्यक्ति जिसकी वार्षिक आय 2,00,000 रुपये से कम है उनको निशुल्क सरकारी वकील मिलता है न्याय सब के लिए एक जैसा है, इसमें नागरिकों को शीघ्र, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाता है एवं समय समय पर लोक अदालत लगती है । अगले माह 14 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत लग रही है । इसमें सभी प्रकार के प्रकरण हल किये जाते हैं एवं छात्राओं को न्यायालय की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, मौलिक अधिकार कर्तव्य, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें एवं उनके सरंक्षण के लिए योजना बताया गया। छात्राओं को ऑनलाइन मोबाइल गेम न खेलने के लिए बोला गया इससे पैसा एवं समय बर्बाद होता है, किसी भी साइट को लिंक न करें कई सरकारी विभागों के टोल फ्री नंबर बताये गए जैसे विधिक सेवा का टोल फ्री नंबर 15100 है एवं केंद्र सरकार राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्या सरला शर्मा, स्वाति शर्मा पैरालीगल वालिटीयर आशुतोष स्वामी उपस्थित रहे।

### फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण संबंधी बैठक 26 को

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के मान से फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 प्रचलित है। इस संबंध में रोल प्रेक्षक एवं आयुक्त जबलपुर की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आयोजन 26 नवम्बर को अपरान्ह 3.30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

### ओआईसी सोनी ने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे के संबंध में ली बैठक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के ओआईसी चंद्र शेखर सोनी ने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे 2024 में चयनित जिले के 15 हाई व हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्य की समीक्षा बैठक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नरसिंहपुर में ली। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के ओआईसी श्री सोनी ने मॉक टेस्ट एक तथा दो, विमर्श पोर्टल पर राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे 2024 संबंधी उपलब्ध मटेरियल, विद्यालय में वर्तमान तक जनरेट अपार आईडी के संबंधी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों के दस्तावेज पूर्णत: अद्यतन हैं, उनकी अपार आईडी शीघ्र तैयार करें।

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत शनिवार को एनटीपीसी गाडरवारा के सौजन्य से परियोजना प्रभावित गांव चोरबरहेटा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में नैगम सामाजिक दायित्व तथा जीवन ज्योति अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ शिविर में चोरबरहेटा गांव के लगभग 100 से अधिक बच्चे, पुरुष, महिलाएं तथा बुजुर्ग लोगों ने अपनी स्वास्थ जांच कराई। शिविर में अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर दवा भी निश्शुल्क दी गई।

### पूर्व विधायक सुनीता पटेल बनीं सह प्रभारी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस द्वारा जिला प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की घोसणा की गयी, जिसमें जबलपुर ग्रामीण हेतु विधायक आरके दोंगने जी को प्रभारी एवं पूर्व विधायक सुनीता पटेल को सह प्रभारी नियुक्त किया गया।

# अंबेडकर पार्क में मनाई झलकारी जयंती



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई कोरी की 150 वीं जयंती धूमधाम से कोरी तंतुवाय समाज समिति एवं अजाक्स संगठन के संयुक्त रूप से अंबेडकर पार्क में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोरी तंतुवाय समाज समिति नरसिंहपुर के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कोरी,मुख्य अतिथि के रुप में नवलकिशोर,विशिष्ट अतिथि के रुप में मातृ शक्ति का प्रतिनिधित्व कर रही गोंड महासभा मध्यप्रदेश की कोषाध्यक्ष श्रीमति तरुणलता धुर्वे एवं अजाक्स संगठन नरसिंहपुर की सहसचिव श्रीमति प्रतिभा किशनपुरी मंचासीन रहे। वीरांगना झलकारी बाई कोरी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अजाक्स करेली तहसील अध्यक्ष यशपाल जाटव ने वीरांगना झलकारी बाई के रणकौशल का बखान किया,तो वहीं वीर रस के राष्ट्रीय कवि महेंद्र गिगोलिया ने वीर रस की पंक्तियां सुनाकर उत्साह जागृत किया,उसके बाद अजाक्स जिला महासचिव एवं योग प्रशिक्षक रोहित जाटव ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समस्त प्रकार के जातिगत मतभेद भुलाकर हक और अधिकार के लिए संगठित होने की बात कही,युवा ओजस्वी वक्ता श्रीमति तरुणलता धुर्वे मेडम ने नारी शक्ति के नेतृत्व को मजबूत कैसे किया जाए पर अपने विचार व्यक्त किये,जाकर रण में ललकारी थी वह झांसी की झलकारी थी ओजस्वी पंक्तियां झलकारी की वेशभूषा में उपस्थित श्रीमति प्रतिभा किशनपुरी ने सुनाई। मंच का संचालन धनीराम कोरी ने ने किया। इस अवसर पर ओपी जमीदार,युवा राजेश कोरी,डोरीलाल कोरी,अर्जुन कोरी,अनिल बुनकर,सुनील कोरी राकेश कोरी,करेली से शिक्षक संदीप कोरी,रंजीत चौधरी, घनश्याम जाकर,संरक्षक एम के अहिरवार,विरजू जाटव,नंदलाल अहिरवार, जगदीश किशनपुरी,जमना प्रसाद सहित अन्यजन मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, एक घायल

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस एक शादी समारोह से लौट रहे बाइक चालक एवं सवार को अज्ञात ट्रैक्टर चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे घटनास्थल पर एक की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय नरसिहपुर रेफर किया गया है।

बताया जाता है कि ग्राम मनकवारा बम्होरी के बीच यह दुर्घटना घटित हुई है जिसमें एक 20 वर्ष की बालक उदय साहू की घटना स्थल पर मौत हो गई तथा उसका साथी आशुतोष चंचल उम्र 19 साल निवासी कामथ वार्ड गाडरवारा घायल हो गया जिसे नरसिंहपुर जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

# नवनियुक्त सहायक जिला अभियोजन अधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला अभियोजन कार्यालय में नवनियुक्त सहायक जिला अभियोजनअधिकारियों के द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। जिला अभियोजन कार्यालय जिला नरसिंहपुर में नवनियुक्तक सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों को जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामकुमार पटेल द्वारा पदभार ग्रहण कराया गया। इस मौके पर श्री पटेल द्वारा नव नियुक्ता सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों द्विज सिंह सेंगर एवं मनु श्रीवास को शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठग सहायक जिला अभियोजन अधिकारी इंद्रमणि गुप्ता, श्रीमती सोनाली तिवारी, आदित्य तिवारी, घनश्याीम प्रजापति ने भी नवनियुक्त अधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कार्यालय में पदस्थक विनय सिंह ठाकुर, अब्दुमल गफ्फर खान, प्रदीप गौतम, सौरभ सोनी, बृजनंदन सोनी, दीपचंद्र, प्रभांशु दीक्षित भी उपस्थित रहे।

# श्यामसुंदर नारायण मुशरान को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कृषि रत्न स्व. श्याम सुन्दर नारायण मुशरान की जंयती के अवसर पर 23 नवम्बर को एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा स्थानीय मुशरान पार्क में संस्था परिवार के प्रेरणा स्त्रोत स्व. श्याम सुन्दर नारायण मुशरान की प्रतिमा के समक्ष प्रात: 10:30 बजे पुष्पांजलि सभा एवं मौन श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। मनोहर हींगड़े ने स्व. मुशरान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार एन.सी.सी. अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीपक सोनी, प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.एन. राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, जी.डी. उमरे, आलोक तिवारी, एन.सी.सी अधिकारी लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना दुबे एवं अरविन्द कुशवाहा सहित समस्त स्टाफ मेम्बर्स, एन.एस.एस. इकाई एवं एन.सी.सी. केडिट्स तथा छात्र-छात्राओं द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# सामाजिक समरसता पर चर्चा

**करेली, देशबन्धु ।** जीवन की भागदौड़ और अंधानुकरण में अपनी मूल प्रकृति को छोड़कर भटकाव की जीवन शैली में जा रहे समाज को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में चिंता व्याप्त है।



इसी को लेकर शुक्रवार अपराह्न स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में समाज के विभिन्न वर्गों के सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले बंधुओं की बैठक में चर्चा, चिंतन किया गया। जातिगत व्यवस्था में वर्तमान परिवेश में आने वाले परिवर्तन, सामाजिक समरसता एवं बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा विषय पर आयोजित बैठक में विस्तृत चर्चा की गई।

समाज क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्ता विनोद नेमा ने बैठक में विषय रखते हुए अपने विचार रखे एवं चिंता व्यक्त की। तदंतर नगर सहित अन्यान्य ग्रामीण क्षेत्र से आए सामाजिक बंधुओं ने विषय को अत्यंत हृदय स्पर्शी बताते हुए कहा कि संपूर्ण समाज में इसे लेकर चिंता है। किसी ने जातिवाद के बढ़ते प्रभाव और जातिवाद में टूटती सामाजिकता पर चिंता जताई, तो किसी ने वर्तमान में कुटुंब व्यवस्था के स्थान पर लोगों के एकाकी होने, परिवारों से विलग होने की बात रखी।

वर्तमान समय में बच्चों की शिक्षा के अंधानुकरण में संस्कारों, परिवारों से दूर होती नवीन पीढ़ी के अनेक प्रमाण चर्चा में सामने आए, जिस पर सभी ने गंभीर चिंता जताई। उपस्थित जनों ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में इस चर्चा को लोगों के बीच रखकर समाज को जागृत करने के प्रयास किए जाने को बल दिया।

# खो खो प्रतियोगिता में अनिशा कोरी व यशस्वी यादव का चयन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** यूनिटी खो खो क्लब की एक बड़ी उपलब्धि 43वी राज्य स्तरीय जूनियर खो खो प्रतियोगिता जो जबलपुर में आयोजित 16 से 18 नवंबर तक एमएलबी राइट टाउन ग्राउंड पर आयोजित हुई। जिसमें भारतीय खो खो महासंघ के सह सचिव एवं मध्य प्रदेश खो खो संघ के सचिव विश्वामित्र अवॉर्डी संजय यादव द्वारा मध्य प्रदेश टीम के लिए बच्चे एवं बच्चियों का चयन किया गया। जिसमें नरसिंहपुर से बालिका वर्ग में अनिशा कोरी एवं यशस्वी यादव बालक वर्ग में कबीर खत्री का चयन हुआ यह मध्य प्रदेश की टीम में अपनी सहभागिता करेंगे । जो की 25 से 27 नवंबर अलीगढ़ उत्तर प्रदेश में आयोजित होगी प्रशिक्षक प्रशांत खत्री व विवेक कहार को बहुत-बहुत बधाई दी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर जताया आभार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर मे 68 वी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता उपरांत शिक्षक संदर्भ समूह के नवाचारी शिक्षकों द्वारा प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह का स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन विद्यालय मे स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर समूह के सदस्यों ने श्री सिंह से कहा कि गाडरवारा मे राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आपके प्रयासों से ही शानदार ढंग से संभव हुआ है।

इस आयोजन मे शिक्षक संदर्भ समूह के शिक्षक भी आयोजन समिति मे शामिल थे एवं सभी ने बेहतर कार्य कर आयोजन संपन्न कराने मे महती भूमिका निभाई।

इस अवसर पर जिला समन्वयक सिराज अहमद सिद्दीकी, ब्लॉक समन्वयक मधुसूदन पटेल, सत्यम ताम्रकार, मणि शंकर तिवारी, सत्यम ताम्रकार,राजेंद्र गुप्ता, अमित पटैल,सुरेंद्र, रामेश्वर कहार, अखिलेश शर्मा, डॉ आरती विश्वकर्मा, शिवा ताम्रकार, भगवती मेहरा, दुर्गा राय, स्वाति चौहान आदि उपस्थित रहे।

# नाट्य कार्यशाला आज से



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत संस्था राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली एवं प्रदेश की प्रतिनिधि नाट्य संस्था रंग सरोकार नाट्य समिति द्वारा एक माह तक चलने वाली अभिनय नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ आज 24 नवंबर को एम आई एम टी कॉलेज में संक्षिप्त समारोह के साथ प्रारंभ हो रही है। इस करशाला में उड़ीसा ,महाराष्ट्र ,उत्तर प्रदेश, बिहार ,राजस्थान के साथ-साथ नरसिंहपुर जिले के बच्चे भाग ले रहे हैं जो की अभिनय और रंगमंच की बारीकियों को व्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीकों से सीखेंगे, प्रथम कक्षा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय स्नातक, अभिनय में दक्षता प्राप्त विपिन भारद्वाज की होगी ,ज्ञात हो विपिन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वॉइस स्पीच और डिक्शन की कक्षाओं के लिए जाने जाते हैं। आपको वर्ष 2009 में बीजिंग अंतरराष्ट्रीय नाट्य समारोह में बेस्ट अभिनेता के रूप में पुरस्कृत किया जा चुका है प्रशिक्षण पूर्णता नि:शुल्क है।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए